मॉडल यूनाइटेड नेशन में बिरला शिशु विहार ने किया शानदार प्रदर्शन

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। जी.डी.गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, सूरत में मॉडल यूनाइटेड नेशन का आयोजन 4 से 6 अगस्त को किया गया जिसमें 26 विद्यालयों के 350 विद्यार्थियों ने 8 समितियों में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के समन्वयक श्यामा प्रसाद दत्ता ने बताया कि बिरला शिशु विहार पिलानी की 6 सदस्यीय टीम (कक्षा-12 के यश राहर, कक्षा-11 के अपूर्व सिंह व शौर्य सेठिया, कक्षा-10 के कार्तिक कुमार व जयंत नेहरा एवं कक्षा-9 के सामरिक मजूमदार) ने भाग लिया।

कार्यक्रम में बिरला शिशु विहार पिलानी के छात्रों ने विद्यालय के साथ पिलानी का भी नाम रोशन किया। कार्यक्रम में छात्र सामरिक मजूमदार ने अपनी समिति जी-20 में बेस्ट डेलिगेट का अवार्ड जीता जिसमें उसे 3500 रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही पूरे आयोजन में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत पुरस्कार महानिदेशक पुरस्कार भी जीता और 350 प्रतिनिधियों में से समरिक ने दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि पुरस्कार जीता जिसके लिए उसे विशेष प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है साथ ही विद्यालय के एक और छात्र अपूर्व सिंह ने अपनी समिति यू.एन.जी.ए. में विशेष उल्लेख पुरस्कार प्राप्त किया।

इस विशेष उपलब्धि के लिये विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी।

लोक कल्याणी

जयपुर सीकर चूरू झुंझुनू गंगानगर हनुमानगढ़ बीकानेर

09.08.2023 झुंझुनू शेखावाटी

जी. डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल -मॉडल यूनाइटेड नेशन (MUN) में बिरला शिशु विहार ने किया शानदार प्रदर्शन

पिलानी के बिरला शिशु विहार के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

पिलानी दर्पण खंडेलवाल जी.डी.गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, सूरत में तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन (MUN) का आयोजन दिनांक 4 से 6 अगस्त, 2023 को किया गया जिसमें कुल 26 विद्यालयों के 350 विद्यार्थिओं ने 8 अलग - अलग समितियों में हिस्सा लिया |

कार्यक्रम के समन्वयक श्री श्यामा प्रसाद दत्ता ने बताया की मॉडल यूनाइटेड नेशन (MUN) में बिरला शिशु विहार, पिलानी की 6 सदस्यीय टीम (कक्षा -12 के यश राहर, कक्षा - 11 के अपूर्व सिंह व शौर्य सेठिया, कक्षा -10 के कार्तिक कुमार व जयंत नेहरा एवं कक्षा - 9 के सामरिक मजूमदार) ने भाग लिया |

जी.डी.गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, सूरत में हुए इस कार्यक्रम में बिरला शिशु विहार, पिलानी के छात्रों ने विद्यालय के साथ - साथ पिलानी का भी नाम रोशन किया कार्यक्रम में छात्र सामरिक मजूमदार ने अपनी समिति G -20 में बेस्ट डेलिगेट का अवार्ड जीता जिसमें उसे 3500 /- रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ साथ ही उसने

पूरे आयोजन में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत पुरस्कार महानिदेशक पुरस्कार भी जीता और 350 प्रतिनिधियों में से समरिक ने दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि पुरस्कार जीता जिसके लिए उसे विशेष प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है साथ ही विद्यालय के एक और छात्र अपूर्व सिंह ने अपनी समिति यु.एन.जी.ए. में विशेष उल्लेख पुरस्कार प्राप्त किया |

इस विशेष उपलब्धि के लिये विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ जी ने विद्यार्थिओं को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी |